चलो चलिए माँ के धाम

चलो चलिए माँ के धाम मैया ने बुलाया है
आया खुशियों का पैगाम मैया ने बुलाया है
बुलावा आया है संदेसा आया है
आई चिट्ठी सबके नाम मैया ने बुलाया है
चलो चलिए माँ के धाम ....

ऊँचे पर्वत पर मैया जी बैठी है
नीचे भक्तों की टोली गुण जाती है
चलो बोलते माँ का नाम बुलावा आया है
बुलावा आया है संदेसा आया है
आई चिट्ठी सबके नाम मैया ने बुलाया है
चलो चलिए माँ के धाम ....

पग पग पर माँ सबको सहारा देती है
अपने भक्तों की माँ झोली भर्ती है
चलो छोड़ जगत के काम बुलावा आया है
बुलावा आया है संदेसा आया है
आई चिट्ठी सबके नाम मैया ने बुलाया है
चलो चलिए माँ के धाम ....

जब जब माता बुलाये हमको जाना है
शेरावाली माँ को शीश झुकना है
बड़ा प्यारा माँ का धाम मेरे मन भाया है
बुलावा आया है संदेसा आया है
आई चिट्ठी सबके नाम मैया ने बुलाया है
चलो चलिए माँ के धाम ....

किस्मत वाले हैं जिनको माँ बुलाती है
विपदा उनको फिर ना कोई सताती है
चलो करने माँ को प्रणाम बुलावा आया है
बुलावा आया है संदेसा आया है
आई चिट्ठी सबके नाम मैया ने बुलाया है
चलो चलिए माँ के धाम ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15359/title/chalo-chaliye-maa-ke-dhaam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |